**भारत सरकार**

**संचार मंत्रालय**

**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 5410**

**उत्तर देने की तारीख 05 अप्रैल, 2023**

**एमटीएनल तथा बीएसएनएल में पुराने मुद्दे**

**5410. श्री ए. राजा:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के कर्मचारी संघों ने सरकार से एमटीएनएल और बीएसएनएल के विलय की दिशा में आगे बढ़ने से पहले व्यवसाय स्थिरता, मानव संसाधन सम्बन्धी मुद्दे, वेतन विसंगति और पेंशन आदि से संबंधित मुद्दों जैसे प्रमुख पुराने मुद्दों का समाधान करने का आग्रह किया हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या एमटीएनएल कर्मचारियों के वेतन एवं वेतन-वृद्धि को रोकने के बजाय, बीएसएनएल कर्मचारियों का वेतन एमटीएनएल कर्मचारियों के वेतन के समान कर दिया जाएगा;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार सभी मुद्दों के समाधान के लिए एमटीएनएल और बीएसएनएल दोनों के प्रबंधन प्रतिनिधियों तथा संघों और यूनियनों के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त समिति का गठन करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और लंबित मुद्दों का समाधान किस प्रकार किया जाएगा?

**उत्तर**

**संचार राज्य मंत्री**

**(श्री देवुसिंह चौहान)**

(क) से (च) बीएसएनएल के कर्मचारी संघ ने एमटीएनएल और बीएसएनएल के विलय संबंधी विभिन्न मुद्दों पर सुझाव दिए हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिनांक 27.07.2022 को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के पुनरुद्धार पैकेज को मंजूरी देते हुए बीएसएनएल के साथ एमटीएनएल के विलय सहित महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के मामलों के समाधान के उद्देश्य से विस्तृत जांच के लिए सचिवों की एक समिति (सीओएस) के गठन को मंजूरी दी थी।

***